Women with Disabilities Australia (विकलाँग महिलाएँ ऑस्ट्रेलिया)

पुस्तक 5

अपने अधिकारों से अवगत रहें

Women With Disabilities Australia (WWDA)

हम Women with Disabilities Australia (विकलाँग महिलाएँ ऑस्ट्रेलिया) हैं। जब हम अपने बारे में बात करेंगे, तो हम **WWDA** लिखेंगे।

पुस्तक 5

यह पुस्तक **आपके अधिकारों** के बारे में है।

हमने यह पुस्तक **विकलाँग** महिलाओं और लड़कियों के लिए बनाई है।

New Words (नए शब्द)

शीर्षक की हमारी पुस्तक में विकलाँगता के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

अधिकार क्या होते हैं?

सभी के पास अधिकार होते हैं।

अधिकार ऐसी बातें होती हैं, जो आप

- **बन सकती हैं।** जैसे आप एक नर्स बनना चाहती हैं
- **कर सकती हैं।** जैसे आप छुट्टी मनाने जाना चाहती हैं
- **ले सकती हैं।** जैसे आप बच्चे चाहती हैं।



विकलाँग महिलाओं और लड़कियों के पास अन्य सभी लोगों के **समान अधिकार** होते हैं।

आपके अधिकारों को कोई छीन नहीं सकता है।

मूल अधिकार

आपके पास अपने जीवन की बुनियादी चीजों का अधिकार है। जैसे

- भोजन और पानी

- रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान

- पहनने के लिए समुचित कपड़े।

सुरक्षा का अधिकार

सभी विकलाँग महिलाओं और लड़कियों के पास

हिंसा से सुरक्षित रहने का अधिकार है।



Your right to be safe from violence

(हिंसा से सुरक्षित रहने का आपका अधिकार)

शीर्षक की हमारी पुस्तक में इसके बारे में पढ़ें।



आपके पास निष्पक्ष तरीके से अपने साथ व्यवहार

किए जाने का अधिकार है।

जब आपके साथ निष्पक्ष तरीके से व्यवहार **नहीं** किया जाता है, तो इसे **भेदभाव** कहते हैं। हमारी पुस्तक **New Words (नए शब्द)** के पृष्ठ 6 में इसके बारे में और अधिक पढ़ें।

आपके पास

- हिंसा के बारे में

तथा

- अपने साथ निष्पक्ष व्यवहार **न** किए जाने पर

अपनी आवाज़ उठाने का अधिकार है

आपके जीवन के बारे में अधिकार

सभी विकलाँग महिलाओं और लड़कियों के पास

- विकल्प चुनने

- पैसा होने



- जीवनशैली का चयन करने

और

- अपनी पंसद के स्वास्थ्य व्यावसायिकों से मिलने

का अधिकार है। जैसे नया डॉक्टर

और



- **अपनी**

 - दवाई की गोलियों
 - सुइयों
 - मलहमों

का चयन करने का अधिकार है।

भाग लेने का अधिकार

विकलाँग महिलाओं और लड़कियों के पास वे सभी काम करने का अधिकार है, जो **अन्य सभी महिलाएँ और लड़कियाँ करती हैं।**

जैसे

- स्कूल में पढ़ाई करना

- काम पर जाना

- हमारे काम के लिए वेतन प्राप्त करना

- चुनावों में मतदान करना।

सेवाएँ और समर्थन प्राप्त करने का अधिकार

विकलाँग महिलाओं और लड़कियों के पास

- **सेवाएँ**
- **समर्थन**

प्राप्त करने का अधिकार है।

यह आपके स्वास्थ्य से संबंधित हो सकता है। जैसे

- अपने डॉक्टर से मिलना
- एक्स-रे करवाना
- स्तन-परीक्षण करवाना।

यह समर्थन कर्मियों से भी संबंधित हो सकता है। जैसे

- आपको शावर लेने में सहायता देना
- आपको अपने पैसे के उपयोग की योजना बनाने में सहायता देना
- आपको घर से बाहर जाने में सहायता देना।

यह सरकार से प्राप्त होने वाले पैसे के संबंध में भी हो सकता है। जैसे

- पेंशन
- आपको अपने किराए का भुगतान करने में सहायता देना।



यह आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली जानकार भी हो सकती है। उदाहरण के लिए, ऐसी जानकारी जो

- आप सुन सकती हैं
- बड़े अक्षरों में है
- संकेतों में है
- आसान अंग्रेज़ी में है
- अन्य भाषा में है।

सेक्स और अपने शरीर के बारे में अधिकार

विकलाँग महिलाओं और लड़कियों के पास



- संबंध स्थापित करने
- प्रेम करने

- बच्चों को जन्म देने

- सम्मान प्राप्त करने

का अधिकार है।

आप किसी के साथ अपने अधिकारों के बारे में बात कर सकती हैं।

Australian Human Rights Commission

(ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग

02 9284 9600 पर कॉल करें

या

वेबसाइट

www.humanrights.gov.au

पर जाएँ।

आप Australian Human Rights Commission

(ऑस्ट्रेलियाई मानवाधिकार आयोग) **से संपर्क करने** के

लिए

National Relay service (राष्ट्रीय रिले सेवा)

का उपयोग कर सकती हैं

1800 555 677 पर कॉल करें

133 677 टीटीवाई

क्या आपको **दुभाषिए** की आवश्यकता है

131 450 पर कॉल करें

02 9284 9600 **के लिए निवेदन करें**

धन्यवाद

इस पुस्तक का लेखन किसने किया है?

इस पुस्तक का लेखन Women With Disabilities Australia (विकलाँग महिलाएँ ऑस्ट्रेलिया) ने 2019-2020 में किया।

यह पुस्तक केवल सामान्य शिक्षण और जानकारी के लिए है।

कॉपीराइट

© कॉपीराइट

Women With Disabilities Australia (WWDA) Inc. 2020

(विकलाँग महिलाएँ ऑस्ट्रेलिया [WWDA] इंक. 2019)

इस पुस्तक में कॉपीराइट और पेटेंट सहित सभी बौद्धिक संपदा अधिकारों का स्वामित्व और लाइसेंस Women With Disabilities Australia Inc. (विकलाँग महिलाएँ ऑस्ट्रेलिया इंक.) के पास है।

इस पुस्तक के लेखन हेतु वित्त-पोषण के लिए धन्यवाद।

National Disability Insurance Scheme (राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना) ने Women With Disabilities Australia (विकलाँग महिलाएँ ऑस्ट्रेलिया) को इस वेबसाइट के निर्माण में सहायता देने के लिए कुछ धनराशि उपलब्ध कराई है।

इस पुस्तक में प्रयुक्त चित्र

Easy on the I Images © 2020 Leeds and York Partnership NHS Foundation Trust। अनुमति के साथ प्रयोग किए गए।

www.easyonthei.nhs.uk

The Picture Communication Symbols © 2019 मेयर जॉनसन एलएलसी द्वारा एक Tobii Dynavox कंपनी। अनुमति के साथ उपयोग किए गए।

www.tobiidynavox.com

लोगो। अनुमति के साथ उपयोग किए गए।